राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Phone: 0141-2706847 (O);

पत्रांकः CCE/ P&C/ ISDC/ 2018/ 356 Date: 27th August, 2018

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा,
जयपुर, राजस्थान।

दिनांक 20 अगस्त 2018 को आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक की अनुपालना में निर्देश हेतु।

राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में रोजगार क्षमता एवं कौशल विकास की दृष्टि से जैविक कृषि कला सिखाने, विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को प्रशिक्षण एवं उनकी सुविधा के लिये महाविद्यालय स्तर पर प्रदर्शन योग्य प्रतिदर्श कृषि फॉर्म इकाई (Sample Demo Farm Unit) तैयार करवाने के लिये आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान की अध्यक्षता में दिनांक 20 अगस्त 2018 को आयोजित बैठक में कालेज शिक्षा के निम्न अधिकारी एवं मोरका फाउन्डेशन, जयपुर के निम्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे –

1. श्री मुकेश गुप्ता – CEO मोरका फाउन्डेशन, जयपुर
2. श्री बी. सी. मीणा – प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा
3. डा. विनोद कुमार भारद्वाज – नोडल अधिकारी, नवाचार प्रकोष्ठ, आकाशि, जयपुर
4. श्री वर्धमान बाफना – मोरारका फाउन्डेशन, जयपुर
5. श्री सीताराम कुमावत – एसोसिएट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा
6. डा. आशीष व्यास – एसिसअेन्ट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा
7. श्री अमर चन्द जाट – सहायक लेखाधिकारी, राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा

बैठक मिनिट्स का सक्षम स्तर से अनुमोदन उपरान्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा को निर्देशित किया जाता है कि –

1. राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में जैविक कृषि से संबंधित कौशल प्रशिक्षण प्रारम्भ करवाने हेतु राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा को Pilot केन्द्र के रुप में विकसित किया जाना है। अतः इसके लिये तुरन्त आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ करावें।
2. इस Pilot परियोजना के कियान्वयन, समन्वय एवं रख रखाव हेतु महाविद्यालय स्तर पर श्री सीतारम कुमावत, एसोसिएट प्रोफेसर को समन्वयक नामित कर 7–10 सदस्यीय एक समिति का अविलम्ब गठन करें।
3. इस परियोजना में आवश्यकरुप से विद्यार्थियों को जोडने हेतु स्वैच्छिक आधार पर विद्यार्थियों के समूह तैयार करावें।
4. इस कार्य को शीघ्रातिशीघ्र प्रारम्भ करने हेतु मोरारका फाउन्डेशन (जिसके साथ कि आयुक्तालय कालेज शिक्षा द्वारा विद्यार्थियों में कृषि आधारित कौशल विकास एवं विद्यार्थी–संकाय सदस्यों के लिये प्रशिक्षण आदि हेतु दिनांक 21 जुलाई 2018 को MoU हस्ताक्षरित किया गया है) की टीम के साथ समन्वय कर महाविद्यालय के स्वामित्त वाली कृषि भूमि में से 1.5 -2.0 बीघा उपयुक्त कृषि भूमि चिन्हित करावें। आवश्यक होने पर इसका समतलीकरण करवाकर एवं सिंचाई हेतु जल व्यवस्था सुनिश्चित करावें।
5. इस परियोजना को प्रारम्भ करने के लिये मोरारका फाउन्डेशन के विशेषज्ञ समूह के साथ समन्वय कर विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार करावें।

6. इस Demo Farm Unit को तैयार करवाने एवं इसमें सहायतार्थ मानव श्रम की आवश्यकता होने पर महाविद्यालय स्तर पर विकास समिति मद से आवश्यक व्यय का प्रबंध करें।
7. मोरारका फाउन्डेशन की टीम के साथ समन्वय कर चिन्हित कृषि भूमि का मृदा परीक्षण करावें, एवं तद्नुसार प्राथमिकता आधार पर फूलों एवं फलों से सम्बंधित कृषि कार्यों को महत्व प्रदान करते हुए इस कौशल विकास आधारित नवाचार को प्रारम्भ करावें।
8. सम्पूर्ण परियोजना का महाविद्यालय स्तर पर सूक्ष्म स्तरीय डाक्यूमेण्टेशन करावें एवं इसे निर्देशानुसार अन्य महाविद्यालयों को उपलब्ध करवाने की दृष्टि से तैयार रखें।
9. महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में जागरुकता एवं कृषि आधारित कौशल सीखने हेतु मोरारका फाउन्डेशन के सहयोग से किसान–संवाद कार्यकम आयोजित करावें।
10. यथा निर्णीत मोरारका फाउन्डेशन द्वारा दिनांक 13 सितम्बर 2018 को आयोजित किये जा रहे एक दिवसीय जैविक कृषि आधारित प्रशिक्षण कार्यकम में राजकीय महाविद्यालय कालाडेरा से अधिकतम् 10 संकाय सदस्य (इस प्रयोजनार्थ गठित समिति के सदस्यों को प्राथमिकता देते हुए) एवं 10 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण हेतु भिजवाया जाना सुनिश्चित करें एवं इसके लिये परिवहन की व्यवस्था महाविद्यालय की ओर से करवाया जाना सुनिश्चित करें। यह कार्यकम प्रातः 9.30 बजे प्रारम्भ होगा, अतः तद्नुसार सभी सहभागी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

आयुक्तालय स्तर पर इस परियोजना के समन्वय हेतु डा. विनोद कुमार भारद्वाज, प्रभारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, रहेंगे अतः आयुक्तालय स्तर पर कियी सहायता अथवा मार्गदर्शन हेतु इनसे सम्पर्क करके इस परियोजना को अविलम्ब प्रारम्भ करावें।

डा. दिलीप गोयल
संयुक्त निदेशक, आयोजना

प्रतिलिपि सूचनार्थ :
पत्रांकः CCE/ P&C/ ISDC/ 2018/ 357 Date: 27th August, 2018

1. निजी सचिव, श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जपयुर।
3. श्री मुकेश गुप्ता, CEO, मोरारका फाउन्डेशन, जयपुर को प्रति भेजकर लेख है कि बैठक में यथा निर्णीत कार्यवाही सुनिश्चित करने में प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, कालाडेरा को सहयोग प्रदान करावें।
4. निजी सहायक, वित्तीय सलाहकार, आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जपयुर।
5. संयुक्त निदेशक, HRD / प्रशासन / निजी संस्थाएं / अकादमिक / आयोजना / RUSA, आकाशि, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली/ वेब प्रभारी को अपलोड करने हेतु।

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ

# Krishi Vandan

## Organic Demo Farm






# Organic Demo Farm




